Rajasthan Patrika, Page No. - 03.
Date :- 25/02/2026.

यह कॉरिडोर 3.3 किलोमीटर लंबा होगा, तीन नए एलिवेटेड स्टेशन होंगे

गिफ्ट सिटी-शाहपुर तक मेट्रो ट्रेन, कैबिनेट ने दी फेज-2 बी को मंजूरी

अगले चार वर्षों में इस रूट को पूरा करने की योजना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अहमदाबाद मेट्रो के फेज-2बी प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी। इस प्रोजेक्ट पर लगभग 1071 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके तहत गिफ्ट सिटी से शाहपुर तक मेट्रो लाइन का विस्तार किया जाएगा। यह विस्तार अहमदाबाद मेट्रो के उत्तर-दक्षिण (नॉर्थ-साउथ) कॉरिडोर का हिस्सा होगा। इससे अहमदाबाद और गांधीनगर के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। यह कॉरिडोर 3.3 किलोमीटर लंबा होगा जिसमें तीन नए एलिवेटेड स्टेशन विकसित किए जाएंगे। यह प्रोजेक्ट चार वर्ष में पूरा होगा। इसके पूरा होने पर अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई 71 किलोमीटर से अधिक हो जाएगी।

गुजरात की राजधानी गांधीनगर में दौड़ती मेट्रो ट्रेन। (फाइल फोटो)।

फिलहाल गुजरात मेट्रो की यह स्थिति

वर्तमान स्थिति में गुजरात मेट्रो के 68.28 किमी लंबे अहमदाबाद मेट्रो के फेज-1 (एपीएमसी से मोटेरा स्टेडियम (नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर) और थलतेज गाम से वस्त्राल गाम (ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर) और फेज-2 (मोटेरा स्टेडियम से महात्मा मंदिर और जीएनएलयू से गिफ्ट सिटी) कुल 53 स्टेशनों के साथ सितंबर-2022 (फेज-1) और जनवरी-2026 (फेज-2) से सफलतापूर्वक कार्यरत किए गए हैं। फिलहाल मेट्रो ट्रेन सेवा का लाभ रोजाना लगभग 1.60 लाख लोगों को मिल रहा है।

ये होंगे तीन नए स्टेशन: नए स्टेशन गिफ्ट सिटी हाउस, गुजरात बायोटेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी (जीबीयू) और शाहपुर में बनाए जाएंगे। इससे आइआइटी गांधीनगर और आसपास के क्षेत्रों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी।

अहमदाबाद-गिफ्ट सिटी क्षेत्र के बीच संपर्क होगा मजबूत

यह कॉरिडोर अहमदाबाद और गिफ्ट सिटी क्षेत्र के बीच संपर्क को मजबूत करेगा। प्रस्तावित मार्ग पर स्थित प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों, शैक्षणिक संस्थानों और वाणिज्यिक केंद्रों को इससे सीधे लाभ मिलेगा। यह अहमदाबाद और गिफ्ट सिटी क्षेत्र के बीच यात्रा करने वाले दैनिक यात्रियों के लिए व्यापार, रोजगार और शिक्षा से संबंधित यात्रा जरूरतों को पूरी करेगा।

1000 से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार

इस प्रोजेक्ट के निर्माण क्षेत्र में लगभग 1,000 रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। निर्माण के बाद के चरण में संचालन और रखरखाव के लिए लगभग 250 लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे जुड़ी अन्य गतिविधियों से अप्रत्यक्ष रूप से और भी अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

मेट्रो सीधे गिफ्ट सिटी के मुख्य क्षेत्र तक पहुंचेगी

वर्तमान में गिफ्ट सिटी का मेट्रो स्टेशन मुख्य सक्रिय क्षेत्र से दूर है, लेकिन नए विस्तार से मेट्रो सीधे गिफ्ट सिटी के मुख्य वित्तीय और व्यावसायिक क्षेत्र तक पहुंचेगी। इस विस्तार से गिफ्ट सिटी को निर्बाध मेट्रो कनेक्शन मिलेगा। गिफ्ट सिटी के साथ इस कनेक्टिविटी से शैक्षणिक संस्थानों, व्यापारिक केंद्रों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों और अहमदाबाद एवं गिफ्ट सिटी के बीच यात्रा करने वाले दैनिक यात्रियों को सीधा लाभ होगा। गिफ्ट सिटी भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आइएफएससी) है जो देश का प्रमुख वित्तीय व व्यावसायिक हब बनकर उभर रहा है।जीएनएलयू तथा ओल्ड हाईकोर्ट स्टेशन पर इंटरचेंज सुविधा भी उपलब्ध होगी। साथ ही साबरमती के प्रस्तावित मल्टीमोडल ट्रांसपोर्ट हब से कनेक्टिविटी बेहतर होगी।